**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# <u>इरेडा ने कोविड वर्ष के दौरान रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया</u>

# कर पूर्व लाभ में 136% का उछाल

नई दिल्ली, 30 मई, 2021

पब्लिक सेक्टर भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था (इरेडा) ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में अब तक का सबसे अधिक 570 करोड़ रुपये कर पूर्व वार्षिक लाभ (पीबीटी) दर्ज किया, जबकि यह वर्ष कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित था। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी का कर पूर्व वार्षिक लाभ 241 करोड़ रुपये था। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में 215 करोड़ रुपये के मुकाबले, 61% की भारी वृद्धि दर्ज करते हुए 346 करोड़ रुपये कर के बाद लाभ (पीएटी) दर्ज किया किया है ।

इरेडा के निदेशक मंडल ने आज आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कंपनी के सर्वांगीण विकास की सराहना करते हुए मंजूरी दी।

एक एनबीएफसी के रूप में इरेडा की ऋण बुक, 31 मार्च, 2020 को 23,548 करोड़ रुपये थी जोकि बढ़कर 31 मार्च, 2021 के अनुसार 27,854 करोड़ रुपये हो गई। 8827 करोड़ रुपये का ऋण संवितरण कंपनी के इतिहास में दूसरा सबसे अधिक है। कंपनी की नेट-वर्थ 31 मार्च, 2020 को 2521 करोड़ रुपये के मुकाबले 31 मार्च, 2021 को 2995 करोड़ रुपये हो गई।

कंपनी की वार्षिक वित्तीय उपलब्धियां वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए इस प्रकार हैं:

- कर पूर्व लाभ- 241 करोड़ रुपये के मुकाबले 570 करोड़ रुपये, 136% तक (अब तक का सबसे अधिक)
- कर पश्चात लाभ- 215 करोड़ रुपये के मुकाबले 346 करोड़ रुपये (61% वृद्धि)
- ऋण संवितरण- 8785 करोड़ रुपये के मुकाबले 8827 करोड़ रुपये (अब तक का दूसरा सबसे अधिक)
- ऋण बुक - 23548 करोड़ रुपये के मुकाबले 27854 करोड़ रुपये (वार्षिक वृद्धि: अब तक का दूसरा सबसे अधिक)

- नेट वर्थ - 2521 करोड़ रुपये के मुकाबले 2995 करोड़ रुपये (19% वृद्धि)
- नेट एनपीए में कमी- 5.61%, 7.18% की तुलना में (22% की कमी)

इस अवसर पर, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास, ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की उल्लेखनीय उपलब्धियां भारत सरकार के सक्रिय समर्थन और मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं होती। उन्होंने माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह द्वारा निरंतर मार्गदर्शन और सुविधा प्रदान करने के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। श्री दास ने सचिव, एमएनआरई, निदेशक मंडल और एमएनआरई के वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त सहयोग के लिए कंपनी का आभार भी रिकॉर्ड में रखा। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने इरेडा के कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और प्रयासों के लिए समर्पित टीम की सराहना की जिससे उच्च स्तर के परिणाम संभव हुए।